# संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं

सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश

E-mail : idspssu@mp.gov.in, Phone : 0755-4094192


क्र. / आई.डी.एस.पी. / 2020 / 160 भोपाल, दिनांक 02.03.2020

प्रति,

**श्री. शीतांशु शुक्ला**
संयुक्त संचालक,
लोक शिक्षण संचालनालय
भोपाल, मध्यप्रदेश।

**विषय :– नोवल कोरोना वायरस (COVID-19) बीमारी के लिए ब्लाक स्तर पर बी.सी.एम, ए.एन.एम, एम.पी.डब्ल्यू, स्टाफ नर्स, एल.एच.बी., सुपरवाइजर, आशा, आशा सहयोगिनी तथा ब्लाक की काम्बेट टीम आदि मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के संबंध में।**

**संदर्भ :– लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश का पत्र क्रमांक / वर्चु.क्लास / कोरोना वायरस / 2020 / 16, दिनांक 02.03.2020**

उपरोक्त विषयांर्गत लेख है कि वर्तमान में विश्व में फैल रही नोवल कोरोना वायरस बीमारी (COVID-19) के संबंध में बचाव एवं रोकथाम की जानकारी देने हेतु राज्य स्तर से प्रशिक्षण दिनांक 06 मार्च 2020, समय 3 से 4 बजे दिया जावेगा। स्वास्थ्य विभाग के विषय विशेषज्ञों द्वारा पावर पाईन्ट एवं लेक्चर विधी से प्रशिक्षण दिया जावेगा।

यह प्रशिक्षण सेटेलाईट के माध्यम से सभी ब्लाको में स्थित एक्सलेंस स्कुल प्रशिक्षण केन्द्रों में आयोजित किया जावेगा। प्रशिक्षण में ब्लाक के सभी बी.सी.एम, ए.एन.एम, एम.पी.डब्ल्यू, स्टाफ नर्स, एल.एच.बी., सुपरवाइजर, आशा, आशा सहयोगिनी तथा ब्लाक की काम्बेट टीम आदि आवश्यक रूप से उपस्थित रहेंगे।

उपरोक्त संदर्भित पत्रानुसार प्रशिक्षण पर होने वाला व्यय (प्रति ब्लाक एक्सलेंस स्कुल प्रशिक्षण केन्द्र)– **1)**. शालाविकास समिति हेतु रू. 500 / –, **2)**. कस्टेडियन शिक्षके हेतु रू. 250 / – **3)**. भृत्य हेतु रू. 150 / – की सहमति प्रदान की जाती है। प्रशिक्षण पर होने वाला व्यय का भुगतान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के आई.डी.एस.पी. कार्यक्रम के द्वारा ई–वित्त प्रवाह के माध्यम से संबंधित खातों में जमा कराई जावेगी।

अतः अनुरोध है कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर सम्पन्न कराने में सहमति प्रदान करने का कष्ट करें।

**(डॉ.वीणा सिन्हा)**
अपर संचालक
संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, म.प्र.

**पृ.क्र. / आई.डी.एस.पी. / 2020 /** **भोपाल, दिनांक......................**

**प्रतिलिपिः–**

1. प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल, म.प्र.।
2. आयुक्त स्वास्थ्य, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, सतपुडा भवन भोपाल, म.प्र.।

**निरंतर.............**

3. मिशन संचालक, एन.एच.एम., अरेरा हिल्स, जेल रोड, भोपाल।
4. सुश्री रूही खान, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, म.प्र।

अपर संचालक
संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, म.प्र.